**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**06.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- बीबीएमबी विवाद में सुप्रीम कोर्ट का हिमाचल के हक में ऐतिहासिक फैसला–राज्य को हर साल मिलेगी 60 करोड़ यूनिट बिजली।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फैसले को बताया प्रदेश की 75 लाख जनता की जीत।
- भाजपा ने कहा सभी दलों की सरकारों ने लड़ी हिमाचल के हितों की लड़ाई।
- मुख्यमंत्री ने चंबा दौरे के दौरान किए 6 सौ 56 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास।
- दीपावली की तैयारियां जोरों पर–अग्निशमन विभाग ने रद्द की अपने कर्मचारियों की छुट्टियां।

**बीबीएमबी**

बी.बी.एम.बी. विवाद मामले में आज सुप्रीम कोर्ट से हिमाचल प्रदेश के हक में एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को मिलने वाले लंबित बिजली एरियर पर अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए राज्य को हर साल 60 करोड़ यूनिट बिजली देने का आदेश दिया है। ये व्यवस्था अगले 20 वर्षों तक जारी रहेगी। फैसले के तहत हिमाचल को उसका बकाया पैसे के रूप में नहीं बल्कि बिजली के रूप में मिलेगा। ये बिजली प्रदेश को अक्तूबर से मार्च महीने के दौरान मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बी.बी.एम.बी. एरियर मामले में प्रदेश को मिली ऐतिहासिक सफलता को प्रदेश की जनता की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के हितों से जुड़े मामलों में ये चौथी बड़ी सफलता है।

**भाजपा**

इस बीच प्रदेश भाजपा ने भी बी.बी.एम.बी. विवाद को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। पार्टी प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस फैसले का श्रेय लेने की कोशिश कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार ने वर्ष 1990 में हिमाचल के अधिकारों को लेकर दिल्ली तक अधिकार यात्रा की शुरूआत की थी। ऐसे में मौजूदा सरकार की ओर से इस फैसले का श्रेय लेने की कोशिश करना उचित नहीं है। उन्होंने शिमला स्थित पीटरहॉफ होटल को पीपीपी मोड़ पर देने के सरकार के फैसले का भी विरोध किया और कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल की संपदा को बेचने में जुटी है।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चंबा जिला के अपने चार दिवसीय प्रवास के दौरान 6 सौ 56 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। अपने दौरे के अंतिम दिन आज मुख्यमंत्री ने भरमौर क्षेत्र की मैहला पंचायत की पी.एम.श्री. राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला और राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान विद्यार्थियों से उनके भविष्य के बारे में सवाल पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत, लग्न, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति को मूल मंत्र के रूप में प्रयोग करें।

**गोविंद ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर विंटर गेम्स के स्कींइग और स्नोबोर्डिंग खिलाड़ियों को राज्य खेल पुरस्कारों से बाहर रखे जाने को दुर्भाग्यापूर्ण करार दिया है। गोविंद ठाकुर ने कुल्लू में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ऐसे 21 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीते हैं, लेकिन इसके बावजूद इन्हें पुरस्कारों की सूची से बाहर रखा गया। उन्होंने प्रदेश सरकार से ओंलपिक चार्टर के तहत आने वाले सभी खेलों के खिलाड़ियों को सम्मानित करने और उन्हें निर्धारित राज्य खेल पुरस्कार राशि प्रदान करने की मांग की है।

**दीपावली**

हिन्दुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को लेकर प्रदेशभर में इन दिनों तैयारियां जोरों पर हैं और सभी छोटे–बड़े बाजार खरीदारों से भरे हुए हैं। दीपावली के इस पर्व के लिए पटाखों की भी खूब बिक्री हो रही है। ऐसे में खास कर आतिशबाजी से आग लगने का खतरा लगातार बना रहता है। इसे देखते हुए अग्निशमन विभाग पूरी तरह चौकस है। अधिक जानकारी के साथ **हमारे विशेष संवाददाता**––

दीपों के पर्व दीपावली के मौके पर पटाखों और आतिशबाजी को देखते हुए हिमाचल प्रदेश अग्निशमन विभाग अभी से चौकस हो गया है। विभाग ने प्रदेशभर में अपने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और खासकर आतिशबाजी के कारण होने वाली अग्निकांड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विभाग को अलर्ट मॉड़ पर रखा है। राज्य के चीफ फायर ऑफिसर संजीव कुमार के अनुसार विभाग ने दीपावली के दौरान अग्निकांड़ जैसी किसी भी घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है और सभी वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखा गया है। प्रदेश

में इस समय कुल 3 सौ 4 छोट–बड़े अग्निशमन वाहन उपलब्ध हैं। उनका कहना है कि पिछले कुल वर्षों में लोग पटाखों और आतिशबाजी को लेकर लोग काफी जागरूक हुए हैं। इससे अग्निकांड़ जैसी घटनाएं कम हुई हैं।

प्रदेश की दूसरी राजधानी कहे जाने वाले धर्मशाला शहर में भी दीपावली के मौके पर अग्निकांड़ घटनाओं से निपटने के लिए विभाग ने कमर कस ली है। उप–अग्निशमन अधिकारी राजेश गुप्ता ने दुकानदारों से सुरक्षा के मददेनजर दुकानों मं पानी और रेत की उचित व्यवस्था रखने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों से भी आतिशबाजी करते वक्त सावधानी बरतने को कहा है। .....बाईट.....राजेश गुप्ता..... प्रदेश में इस समय 88 अग्निशमन इकाईयां विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्य कर रही है। विभाग में अधिकांश पद भी भरे हुए हैं।

**धनतेरस**

इस बीच आज धनतेरस का त्योहार प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया गया। दिवाली से ठीक पहले आने वाला यह त्योहार धन, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस के दिन भक्त भगवान धन्वंतरि, देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा करते हैं।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज कोटखाई क्षेत्र के उबादेश में दो सड़कों का लोकार्पण किया। इनमें लम्बी धार कराल सड़क और मेलठ–कलबोग सड़क शामिल है। रोहित ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि सड़क निर्माण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है क्योंकि हिमाचल के दूर–दराज क्षेत्रों में सड़कें ही विकास का प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि जुब्बल–नावर–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में मौजूदा सरकार के कार्यकाल में 2 सौ 6 नई सड़कों की पासिंग हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क और भवन निर्माण पर 8 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा रही है।

**दुर्घटना**

सिरमौर जिला के पच्छाद क्षेत्र के डूंगाघाट के समीप आज एक जीप के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 9 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नाहन मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस जीप में सवार सभी लोग शिलाई क्षेत्र के कांटी–मश्वा के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने राहत व बचाव कार्य आरंभ किया और बाद में पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना तेज रफ्तार के कारण हुई बताई जाती है।

**आम आदमी**

आम आदमी पार्टी विधानसभा के शीतलकालीन सत्र के दौरान 20 नवंबर को धर्मशाला के तपोवन में प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन और रैली करेगी। इस रैली में दिल्ली के पूर्व उप–मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अचल छाबड़ा ने आज धर्मशाला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस ने पंजाब की तर्ज पर हिमाचल में भी बड़े–बड़े सपने दिखाए थे लेकिन वह एक भी गारंटी पूरा करने में विफल रही है। आप प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार आर्थिक संकट का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से नहीं बच सकती।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- बीबीएमबी विवाद में सुप्रीम कोर्ट का हिमाचल के हक में ऐतिहासिक फैसला–राज्य को हर साल मिलेगी 60 करोड़ यूनिट बिजली।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फैसले को बताया प्रदेश की 75 लाख जनता की जीत।
- भाजपा ने कहा सभी दलों की सरकारों ने लड़ी हिमाचल के हितों की लड़ाई।
- मुख्यमंत्री ने चंबा दौरे के दौरान किए 6 सौ 56 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास।

और

- दीपावली की तैयारियां जोरों पर–अग्निशमन विभाग ने रद्द की अपने कर्मचारियों की छुट्टियां।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं कल सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर नमस्कार।**